विद्यार्थियों को दिलाई नशीले पदार्थों से दूर रहने की शपथ

बड़वानी, (नवभारत)। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेशभर में 15 से 30 जुलाई 2026 तक नशे से दूरी है जरूरी 2.0 नशामुक्ति जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी क्रम में एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में सभी थाना क्षेत्रों में विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों एवं हाट-बाजारों में आमजनों एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

इस दौरान विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाली सामाजिक, मानसिक, शारीरिक एवं आर्थिक हानियों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों द्वारा चित्रकला, पोस्टर निर्माण, शॉर्ट रील्स तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश दिया गया। कई स्थानों पर नशामुक्ति संबंधी पोस्टर एवं पाम्प्लेट वितरित किए गए तथा लोगों को नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस अधिकारियों ने लोगों से नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने एवं युवाओं को नशे से दूर रखने का आह्वान किया। पुलिस ने आमजनों से अपील की कि यदि उनके आसपास किसी भी तरह के नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री, परिवहन, तस्करी या सेवन संबंधी गतिविधियों की जानकारी मिले, तो तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करे। साथ ही स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहयोग करने का आग्रह भी किया गया।

स्वस्थ और नशामुक्त समाज निर्माण का लिया संकल्प

विद्यार्थियों ने आकर्षक चित्र एवं पोस्टर तैयार कर स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प व्यक्त किया। इसी तरह अन्य स्थानों पर पुलिस द्वारा आमजनों को नशे के दुष्परिणामों के संबंध में जागरूक किया गया। नागरिकों से नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी नशामुक्त बनाने का आग्रह किया गया।

वृहद पौधारोपण में मनोरोगियों ने की सहभागी

बड़वानी, (नवभारत)। अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत शनिवार को नगर पालिका द्वारा आशाग्राम स्थित मनोरोगी आश्रय केंद्र परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम सिंह पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी निक्कू चौहान, नगर पालिका उपाध्यक्ष सुभाष भावसार, निक्कू चौहान, नगर मंडल अध्यक्ष शुभम पांडे, समस्त वार्ड पार्षद, समस्त एल्डरमैन, सीएमओ सोनाली शर्मा, आशाग्राम ट्रस्ट से सचिन दुबे एवं ट्रस्ट के अन्य सदस्य तथा नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

इस दौरान नीम, करंज, जामून, आम, कनेर, टेकोमा तथा सीताफल सहित कई प्रजातियों के लगभग 500 पौधों का रोपण किया गया। सभी जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया। नगर पालिका अध्यक्ष ने अपील करते हुए कहा कि हर परिवार अपने घर, मोहल्ले, खेत, विद्यालय या सार्वजनिक स्थान पर अधिक से अधिक पौधे लगाए तथा उनकी नियमित देखभाल करे। इस दौरान सीएमओ ने कहा कि नपा द्वारा अमृत हरित महाअभियान अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से नगर के विभिन्न स्थलों पर व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया जा रहा है।

एक नजर में

पैरालीगल वालंटियर्स को दिया प्रशिक्षण

बड़वानी। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 25 जुलाई को एडीआर सेंटर, जिला न्यायालय परिसर में पैरालीगल वालंटियर्स के लिए सीआईएस एवं साइबर सुरक्षा विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष महेन्द्र कुमार जैन द्वारा मां सरस्वती के पुजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। जैन ने कहा कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पीएलवी को डिजिटल अदालती प्रक्रियाओं और साइबर फ्रॉड के प्रति प्रशिक्षित करना है, ताकि वे ग्राम-ग्राम और कस्बों में आमजन, विशेषकर पिछड़े व शोषित वर्ग को जागरूक कर साइबर अपराधों से बचा सके। प्रशिक्षण सत्र में कंप्यूटर अनुभाग के आशुतोष जाटवा एवं सचिव अमूल मंडलोई ने ई-कोर्ट सेवाओं, ऑनलाईन केस स्टेटस, कॉज लिस्ट तथा सीआईएस सॉफ्टवेयर से न्यायिक कार्यों में पारदर्शिता व गति लाने के तरीकों पर प्रकाश डाला। वहीं साइबर विशेषज्ञ रितेश खत्री ने ऑनलाईन धोखाधड़ी, ओटीपी व पासवर्ड सुरक्षा, संदिग्ध लिंक से बचाव तथा साइबर हैल्पलाईन नंबर 1930 एवं राष्ट्रीय साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम जिला विधिक सहायता अधिकारी रॉबिन दयाल भी उपस्थित रहे।

सीनियर विद्यार्थी बने जूनियर्स के मेंटर

- बढ़ा रहे आत्मविश्वास
- व्यक्ति विकास का नया मॉडल बना प्रेरणा

बड़वानी, (नवभारत) सामान्यत: महाविद्यालयों में शिक्षक विद्यार्थियों को पढ़ाते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इस सत्र से सीखने की प्रक्रिया को नया स्वरूप दिया गया है।

यहां वरिष्ठ विद्यार्थी नवप्रवेशित विद्यार्थियों के मार्गदर्शक बनकर अपने अनुभव सांझा कर रहे हैं। कॅरियर सेल द्वारा यह नवाचार प्रारम्भ किया गया। प्राचार्य डॉ वीणा सत्य ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति अनुभवात्मक अधिगम, सहयोगात्मक शिक्षण और नेतृत्व विकास पर विशेष बल देती है। यह पहल विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, उत्तरदायित्व, संवाद क्षमता और नेतृत्व जैसे गुणों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। वरिष्ठ विद्यार्थी लक्ष्य रावत ने जूनियर विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि जब मैंने इस पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया था, तब मुझे लगा था कि यह केवल एक विषय है, लेकिन एक वर्ष बाद समझ आया कि यह जीवन को समझने और स्वयं को विकसित करने की प्रक्रिया है। अध्ययन के दौरान सामाजिक संरचना, सेवा कार्यों को निकट से समझने का अनुभव मिला। छात्रा नेहा मित्तल एवं डॉ मधुसूदन चौबे ने भी सम्बोधित किया। संचालन आरती धनगर ने व आभार दिव्या जमरे ने व्यक्त किया।

स्वयंसेवक प्रशिक्षण शिविर शुरू

बड़वानी। जिला दण्डाधिकारी एवं नियंत्रक नागरिक सुरक्षा के निर्देशन में आपदा के समय त्वरित, सुरक्षित और प्रभावी राहत व बचाव कार्य करने तथा जनभागीदारी आधारित आपदा प्रबंधन तंत्र को सदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शनिवार को स्वामी विवेकानंद सभागृह, शभीना पीजी कॉलेज में 7 दिवसीय 150 सिविल डिफेंस स्वंयसेवक प्रशिक्षण शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि प्राचार्य आरडी वर्मा रहे। इसमें आरएस मुजाल्दे, रंजीतसिंह मेवाडे, शरदचन्द्र राय जिला सेनानी, मुकेश मीणा प्लाटून कमाण्डर एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे। होमगार्ड के जिला सेनानी शरदचन्द्र राय ने बताया कि यह केवल

प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि जिलें में आपदा प्रबंधन की जनभागीदारी को सशक्त बनाने का अभियान है। प्रशिक्षणसे तैयार होने वाले सिविल डिफेंस स्वयंसेवक सिंहस्थ 2028 मानसून अवधि और अन्य आपदाओं में सेवा करेंगे।

अपहृत 3 बालिकाओं को बरामद करने में मिली सफलता

बड़वानी, (नवभारत)। अपहृत की गई तीन बालिकाओं को पुलिस ने बरामद कर लिया है। एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में संचालित ऑपरेशन मुस्कान के तहत अंजड़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली। थाना प्रभारी रेवाराम चौहान के नेतृत्व में पुलिस ने 3 अलग-अलग अपहरण प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए 3 नाबालिग बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया। तीनों मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार 18 जून, 7 जुलाई एवं 17 जुलाई 2026 को थाना अंजड़ में दर्ज शिकायतों में फरियादियों ने बताया था कि उनकी 17, 16 एवं 14 वर्षीय नाबालिग पुत्रियों को अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर साथ ले गए हैं। इस पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।

पुलिस ने विशेष टीम गठित कर मुखबिर तंत्र व तकनीकी संसाधनों की सहायता से तलाश की। अथक प्रयासों के बाद दो नाबालिग बालिकाओं को द्वारका गुजरात से तथा एक अन्य बालिका को अंजड़ से बरामद किया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद तीनों बालिकाओं को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

कार्रवाई में इनकी रही भूमिका

पुलिस ने आरोपी अमर पिता छगन मानकर 20, सुरेश पिता तुकाराम बचनावा 25, निवासी मोहीपुरा तथा अजय पिता मगन मांडाले 20 निवासी शिवपुरी मोहल्ला अंजड़ को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी रेवाराम चौहान, उनि ममता जमरा, मेहताब सिंह चौहान, प्रआर सुरेश पाटीदार, रघुवीर खोडे तथा योगेश पाटील सायबर सेल की भूमिका रही।

आलीराजपुर

एक नजर में

जोबट विधायक सेना महेश पटेल के नेतृत्व में अमृत हरित महाअभियान के तहत पौधारोपण

आलीराजपुर । अमृत हरित महाअभियान-2026 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद आलीराजपुर द्वारा सुरेंद्र उद्यान में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जोबट विधायक एवं नगर पालिका अध्यक्ष सेना महेश पटेल ने किया। सेना महेश पटेल ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि वृक्षारोपण केवल अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का आह्वान किया। कार्यक्रम में पार्षद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लेते हुए हरित आलीराजपुर, स्वच्छ आलीराजपुर के लक्ष्य को साकार करने का संकल्प दोहराया।

नशा विरोधी रैली, जागरूकता प्रतियोगिताएं आयोजित

आलीराजपुर। पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के एकादश दिवस पर जिलेभर के थाना क्षेत्रों, विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित कार्यक्रम में राजयोग साधना केन्द्र की बहनों ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशे के दुष्प्रभावों और नशामुक्त जीवन के महत्व की जानकारी दी तथा सभी को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। अभियान के तहत थाना आजाद नगर ने शासकीय हाई स्कूल भुराघाटा, चौकी बरझर ने बालक छात्रावास, थाना नानपुर, जोबट एवं बोरी पुलिस ने हाट-बाजारों में, जबकि थाना कट्ठीवाड़ा, बखतगढ़ और आम्बुआ पुलिस ने विद्यालयों एवं आमजन के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर नशे से दूर रहने का संदेश दिया। वहीं सायबर सेल एवं महिला थाना प्रभारी श्रीमती मनोरमा सिसोदिया ने सर प्रताप शासकीय जिला उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, आलीराजपुर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित की। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह ने जिलेवासियों से नशे से दूर रहकर स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त समाज के निर्माण में सहभागी बनने की अपील करते हुए कहा कि यह जन-जागरूकता अभियान आगामी दिनों में भी लगातार जारी रहेगा।

नशे के हानिकारक परिणामों के बारे में बताया

नशे से दूरी है जरूरी 2 .0 अभियान के 11वें दिन किए व्यापक कार्यक्रम

आलीराजपुर। मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार तथा पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह के कुशल निर्देशन में संचालित नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 जन-जागरूकता अभियान के एकादश दिवस पर जिला आलीराजपुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों, शैक्षणिक संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम किए गए। अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों, युवाओं, पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज निर्माण का सशक्त संदेश दिया गया।

जिला पुलिस कंट्रोल रूम, आलीराजपुर में सिंहस्थ प्रशिक्षण के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को राजयोग साधना केन्द्र से पधारी बहनों द्वारा नशे के दुष्प्रभावों, मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर इसके गंभीर प्रभाव तथा नशामुक्त जीवन के महत्व की

विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के समापन पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। थाना आज़ाद नगर द्वारा शासकीय हाई स्कूल, भुराघाटा में छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। चौकी बरझर द्वारा बालक छात्रावास में जागरूकता रैली निकालकर विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित किया गया।

स्कूली छात्रों के लिए की गई प्रतियोगिता

थाना नानपुर और थाना जोबट द्वारा हाट-बाजारों में आमजन के मध्य जन-जागरूकता अभियान चलाकर नशे के दुष्परिणामों एवं बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। थाना बोरी द्वारा भी हाट-बाजार में ग्रामीणजनों को नशामुक्त समाज निर्माण हेतु जागरूक किया गया। थाना कट्ठीवाड़ा द्वारा शासकीय विद्यालय नानी बड़ोई तथा थाना बखतगढ़ द्वारा शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को नशे के सामाजिक, मानसिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। थाना आम्बुआ द्वारा थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को नशामुक्त जीवन अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। सायबर सेल एवं महिला थाना प्रभारी मनोरमा सिसोदिया द्वारा शासकीय जिला उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, आलीराजपुर में विद्यार्थियों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

आलीराजपुर। नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं, परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग तथा आंदोलनरत छात्रों पर दिल्ली में हुई कथित पुलिस कार्रवाई के विरोध में शनिवार को आलीराजपुर जिला मुख्यालय पर युवाओं और विद्यार्थियों का आक्रोश सड़कों पर दिखाई दिया। आदिवासी विकास परिषद् के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता महेश पटेल के नेतृत्व में निकली रैली बस स्टैंड से कलेक्टर कार्यालय तक पहुंची, जहां राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर निष्पक्ष जांच और छात्रों को न्याय दिलाने की मांग की गई।

हाथों में तख्तियां और नारों के साथ प्रदर्शन कर रहे युवाओं का कहना था कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की विश्वसनीयता केवल एक परीक्षा का नहीं, बल्कि लाखों विद्यार्थियों के सपनों और देश के भविष्य का प्रश्न होती है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि परीक्षा प्रणाली पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और भरोसेमंद बनाई जाए ताकि मेहनत करने वाले विद्यार्थियों का विश्वास कायम रह सके। सभा को संबोधित करते हुए महेश पटेल ने कहा कि देशभर के लाखों विद्यार्थी वर्षों की मेहनत, परिवारों के त्याग और आर्थिक संघर्ष के बाद नीट जैसी परीक्षा में शामिल होते हैं। यदि परीक्षा प्रक्रिया पर सवाल उठते हैं तो सबसे अधिक नुकसान उन छात्रों का होता है जिन्होंने ईमानदारी से तैयारी की है।

एक नजर ▶ हनुमंत कृपा सुंदरकांड मंडल ने आलीराजपुर में निकाली रामधुन यात्रा

अच्छी बारिश के लिए तुलसी माता के पौधों का नि:शुल्क वितरण

आलीराजपुर। धर्म, सेवा और प्रकृति संरक्षण का अद्भुत संगम प्रस्तुत करते हुए हनुमंत कृपा सुंदरकांड मंडल, आलीराजपुर द्वारा नगरवासियों के लिए एक प्रेरणादायी और जनहितकारी पहल की गई। अच्छी वर्षा, समृद्धि, हरियाली और समस्त जनमानस के सुख-समृद्ध जीवन की मंगलकामना के साथ 501 पावन तुलसाजी के पौधे का निशुल्क वितरण भव्य रामधुन किर्तन यात्रा के साथ शुक्रवार को शाम को किया गया। 501 तुलसाजी के पौधों का निशुल्क

वितरण पंचमुखी हनुमान मन्दिर से रिक्शा गाड़ी में नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रामदास हनुमान मन्दिर, तुलसी माता चैराहा बहारपुरा तक किया गया। पूरी यात्रा के दौरान भजन-किर्तन और जयघोष वातावरण भक्तिमय बन गया। ऐसा प्रतित हो रहा था कि मानो श्रद्धा और आस्था की वर्षा के साथ प्रकृति भी मुस्कुरा रही हो। समापन अवसर पर अतिथी सिविल सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष कृष्णकान्त बे?या ने कहा कि हनुमंत कृपा सुंदरकांड मंडल, आलीराजपुर द्वारा नि:शुल्क तुलसाजी के पौधों का नगर में जो वितरण किया गया वह सराहनीय है। यह सुंदरकांड मण्डल प्रति मंगलवार व शनिवार को रात्रि में सुंदरकांड पाठ नगर में हर जगह करने के साथ-साथ अच्छी वर्षा के लिए जो कार्य कर रहा है, वह सराहनीय है।

खेतों में लहलहाएं फसलें की कामना की

तुलसाजी केवल एक पौधा नही है, बल्कि भारतीय संस्कृति, आयुर्वेद, पर्यावरण और आध्यात्मिक जीवन का अमूल्य प्रतिक है। प्रत्येक परिवार तक तुलसाजी का पौधा पहुँचाकर मंडल ने केवल हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और धार्मिक संस्कारों को भी सुदृढ़ करने का प्रेरणादायी कार्य किया। इस अभियान के बाद नगर में व आसपास भरपुर वर्षा हो, खेत-खलिहान लहलहाये व अन्न-धन की वृद्धि हो और प्रत्येक परिवार सुख, शान्ति, समृद्धि एवं आरोग्य से परिपूर्ण रहे। वितरण कार्यक्रम एवं रामधुन यात्रा में हनुमंत कृपा सुंदरकांड मंडल, के सदस्य लक्ष्मीकांत सराफ, कृष्णकान्त झंवर, सुखदेव राठौड़, यादव मामा, मुकेश राठौड़, राजेन्द्र वर्मा, ज्ञानेन्द्र चावड़ा, राजेश राठौड़, विनय तंवर, राहुल राठौड़, सूर्या राठौड़, चिराग मोदी, गिरीराज मोदी, आशिष गुप्ता, सचिन गुप्ता, नितेष गुप्ता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।